राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अखबार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर, शनिवार, 28 मार्च 2026
वर्ष 14, अंक 335, पृष्ट 04, मूल्य: 01 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

नवरात्रि में मिलावटखोरों पर खाद्य सुरक्षा विभाग का शिकंजा..03

शासकीय कुषाभाउ ठाकरे जिला अस्पताल बना लूट का अड्डा..04

## गेहूं की कटाई के लिए तेल और खाद की आपूर्ति तुरंत बढ़ाए सरकार, सीएम भगवंत मान ने केंद्र के सामने रखीं अपनी मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भारत सरकार से पेट्रोल, डीजल और डीएपी खाद की बढ़ी हुई तथा निर्बाध आपूर्ति तुरंत सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पंजाब 140 लाख मीट्रिक टन गेहूं की कटाई के लिए तैयार है। उन्होंने चेतावनी दी कि तेल की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की बाधा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा को सीधे प्रभावित कर सकती है। लोगों से अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी चीज़ की कोई कमी नहीं है और घबराने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन कटाई और अनाज की ढुलाई को सुचारु रूप से जारी रखने के लिए केंद्र सरकार द्वारा समय पर कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पंजाब देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए 181 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 139 लाख मीट्रिक टन धान उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह तैयार है।

यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'शुक्रवार शाम को प्रधानमंत्री के साथ एक वर्चुअल बैठक के दौरान मैंने बताया कि इस वर्ष पंजाब में 140 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन की संभावना है। फसल की सुचारु कटाई और ढुलाई सुनिश्चित करने के लिए पेट्रोल और डीजल की नियमित आपूर्ति बेहद आवश्यक है। कटाई के दौरान बड़ी संख्या में ट्रैक्टर, ट्रॉलियां, हार्वेस्टर और ट्रक इस्तेमाल किए जाते हैं, इसलिए व्यापक जनहित में तेल आपूर्ति बढ़ाई जानी चाहिए। यह समय की मांग है कि देश की खाद्य सुरक्षा हर हाल में बरकरार रखी जाए। ' लोगों को भरोसा दिलाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। इस समय राज्य में 12 से 14 दिनों का पेट्रोल और डीजल तथा लगभग छह दिनों का एलपीजी स्टॉक उपलब्ध है, जो सामान्य रूप से पूरे वर्ष समान रहता है। आपूर्ति लगातार जारी है। देश के 41 देशों के साथ आयात समझौते हैं और राष्ट्रीय स्तर पर 60 दिनों का पेट्रोल-डीजल तथा 30 दिनों का एलपीजी स्टॉक पहले से सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि जमाखोरी या घबराहट में खरीदारी करने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि मुख्य सचिव स्वयं आपूर्ति पर नजर रख रहे हैं। जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, 'गुरुवार तक एलपीजी रीफिल के लिए 71,000 अनुरोध प्राप्त हुए थे, जिनमें से 69,000 की डिलीवरी की जा चुकी है। राज्य में किसी भी प्रकार के लॉकडाउन की कोई संभावना नहीं है और सभी कार्य सामान्य रूप से चल रहे हैं। कुल 1,497 स्थानों पर जांच की गई, जिसमें 301



एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए हैं।' उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कृषि और उद्योग दोनों को किसी प्रकार की बाधा का सामना न करना पड़े। एलपीजी, पेट्रोल और डीजल से संबंधित समस्याओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 0172-3321001 शुरू किया गया है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में पंजाब की भूमिका का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'वर्तमान स्थिति में पंजाब अपने गोदामों से 41 लाख मीट्रिक टन गेहूं देने के लिए तैयार है, जबकि इस वर्ष 140 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन की उम्मीद है। इसके अलावा, देश की सेवा के लिए पंजाब 139 लाख मीट्रिक टन धान उपलब्ध कराने के लिए भी तैयार है। राज्य ने हमेशा जरूरतमंदों और गरीबों की मदद की है। यदि देश को 181 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 139 लाख मीट्रिक टन धान की आवश्यकता है, तो इसे किसी भी समय उठाया जा सकता है। पंजाब इस समय भी देश का साथ देने की अपनी गौरवशाली परंपरा को बनाए रखेगा।

तेल कीमतों के संबंध में केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदम का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा, 'पेट्रोल और डीजल पर अतिरिक्त कर कम करने का निर्णय विश्वास बढ़ाने वाला कदम है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार को प्राथमिकता के आधार पर डीएपी खाद की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए, क्योंकि पंजाब में धान की बुवाई 1 जून से शुरू हो रही है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी रीफिल की प्रतीक्षा अवधि को 45 दिनों से घटाकर शहरी क्षेत्रों के बराबर 25 दिन किया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री के साथ अपनी बातचीत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 'वर्चुअल बैठक के दौरान मैंने पंजाब से जुड़े सभी महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। मैंने प्रधानमंत्री से अपील की कि वे कूटनीतिक माध्यमों का सक्रिय रूप से उपयोग करें, ताकि देश को किसी भी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े। भले ही हम 'विश्व गुरु' बनने का दावा करते हैं, लेकिन आवश्यक संसाधनों को सुरक्षित करने में आत्मनिर्भरता और रणनीतिक क्षमता ही हमारी वास्तविक ताकत को दर्शाती है।

## भारतीय सेना की ऐतिहासिक खरीद, JCB से 93 टेलीस्कोपिक हैंडलर्स का सौदा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भारतीय सेना ने रक्षा खरीद प्रक्रिया में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है. सेना ने सरकारी ई-मार्केटप्लेस ( GeM) के माध्यम से अपना पहला पूंजीगत खरीद अनुबंध पूरा किया है. इस कदम को रक्षा खरीद के क्षेत्र में एक अहम मील का पत्थर बताया जा रहा है. यह सेना की आधुनिकीकरण और पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

इस महत्वपूर्ण अनुबंध के तहत सेना ने Buy (Indian) श्रेणी के तहत 93 टेलीस्कोपिक हैंडलर्स की खरीद के लिए JCB India Ltd के साथ समझौता किया है. इस सौदे की कुल लागत 25.90 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है. यह उपकरण सेना की लॉजिस्टिक्स और सामग्री प्रबंधन क्षमता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे



### परिवर्तनकारी बदलाव

त्नद्गरू पोर्टल के जरिए यह खरीद रक्षा अधिग्रहण प्रणाली में एक परिवर्तनकारी बदलाव को दर्शाती है. इस नई व्यवस्था से न केवल खरीद प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि सभी निर्धारित नियमों का पालन भी सुनिश्चित होगा. पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता के कारण भविष्य में भी इस मॉडल को अपनाने की संभावना बढ़ गई है. सेना के प्रवक्ता ने कहा कि यह खरीद पूंजीगत खरीद के लिए GeM पोर्टल का लाभ उठाकर सेना की अधिग्रहण प्रक्रिया में एक परिवर्तनकारी बदलाव को दर्शाती है।

### समयसीमा में कमी आने की उम्मीद

यह अभूतपूर्व खरीद प्रक्रिया पूंजीगत खरीद के लिए त्नद्गरूपोर्टल का उपयोग करके सेना की अधिग्रहण प्रक्रिया में एक क्रांतिकारी बदलाव को दर्शाती है. इस पहल से खरीद की समयसीमा में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है, साथ ही निर्धारित प्रक्रियाओं का पूर्ण अनुपालन और प्रक्रियात्मक अखंडता सुनिश्चित होगी. इस पारदर्शी, कुशल और प्रौद्योगिकी-आधारित मार्ग को अपनाकर भारतीय सेना ने महत्वपूर्ण उपकरणों की त्वरित और सुव्यवस्थित खरीद के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया है।

### सेना की रसद और सामग्री प्रबंधन क्षमताओं में वृद्धि

यह कदम त्नद्गरूके माध्यम से इसी तरह की खरीद करने के लिए व्यापक संस्थागत महत्व भी रखता है. व्यापक स्तर पर, यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकार के प्रयासों को सुदृढ़ करता है और सशस्त्र बलों की परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने में भारतीय उद्योग की अधिक भागीदारी को बढ़ावा देता है. इन टेलीस्कोपिक हैंडलर्स की खरीद से विभिन्न परिचालन परिस्थितियों में भारतीय सेना की रसद और सामग्री प्रबंधन क्षमताओं में और वृद्धि होगी।

इन टेलीस्कोपिक हैंडलर्स की खरीद से भारतीय सेना की लॉजिस्टिक्स और सामग्री संभालने की क्षमताएं अलग-अलग तरह के ऑपरेशनल माहौल में और बेहतर होंगी. इन हैंडलर्स का इस्तेमाल मुश्किल इलाकों में सामग्री को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए किया जाता है, जिससे शारीरिक मेहनत कम होती है और काम करने की क्षमता बढ़ती है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### दबंगों ने जबरन जोती किसान की जमीन

**विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी**

**ललितपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम अगोड़ी में दबंगों द्वारा एक किसान की कृषि भूमि पर संगठित रूप से कब्जा करने और विरोध करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम सौजना निवासी लल्लू पुत्र गुमान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि राजस्व ग्राम अगोड़ी में उसकी पत्नी सुमन के नाम 1.277 हेक्टेयर कृषि भूमि दर्ज है। इस भूमि का बंटवारा एसडीएम मड़ावरा के न्यायालय से जनवरी 2025 में हो चुका है और राजस्व टीम द्वारा इसकी पैमाइश भी की जा चुकी है। पीड़ित का आरोप है कि इसके बावजूद विपक्षीगण उसकी जमीन पर गिद्ध दृष्टि जमाए हुए हैं। पीड़ित के अनुसार, बीती 5 नवंबर 2025 को दोपहर करीब 2.30 बजे ग्राम अगोड़ी निवासी नारायण सिंह, सुम्मेर सिंह, सोवरन सिंह, मोनू सिंह और शिवेन्द्र सिंह ने एक राय होकर जबरन उसकी जमीन जोतकर फसल बो दी थी। जब लल्लू ने खेत पर जाकर उन्हें रोका, तो आरोपियों ने उसे भद्दी-भद्दी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि 21 मार्च 2026 की रात को आरोपियों ने खेत में खड़ी गेहूं की फसल भी चोरी-छिपे काट ली। थाना सौजना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी नारायण सिंह, सुम्मेर सिंह, सोवरन सिंह, मोनू सिंह और शिवेन्द्र सिंह के विरुद्ध बीएनएस की धारा 111, 191(2), 329(3), 352 और 351(3) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### तहसील महरौनी अंतर्गत ग्राम समोगर व सिंदवाहा के खेतों में लगी आग की घटना का जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान

**पीढ़ित कृषकों को हुई क्षति के आंकलन हेतु तहसीलदार महरौनी से करायी जांच, जल्द मिलेगी क्षतिपूर्ति राशि**

**ललितपुर।** किसानों की खेत में खड़ी गेहूॅं की फसल व भूसा जलने आदि की घटनाओं को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए सम्बंधित उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों को निर्देश दिये हैं कि अपने क्षेत्रान्तर्गत हो रही आग लगने की घटनाओं को मौके पर जाकर जांच करें और फसल खलियान दुर्घटना के अंतर्गत पीढ़ित किसानों को मुआवजा दिलाने की कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी द्वारा दिये गए आदेशों के क्रम में तहसील महरौनी के मौजा समोगर की आ0सं0 1424 व 1426 में खड़ी गेहॅू की फसल व भूसा जलने की घटनाओं में तहसील महरौनी ने जांच कर अवगत कराया है कि दिनांक 27 मार्च 2026 को दोपहर के समय लगभग 2:00 बजे खेतों में अज्ञात कारणों से आग लगने से कुछ किसानों की गेहूॅं की फसल व भूसा जलकर नष्ट हो गया है।

## UP- इनवेस्टमेंट के नाम पर करोड़ों की ठगी, फिर देश छोड़कर भागा... सऊदी अरब से लौटते ही पुलिस ने दबोचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने करोड़ों की ठगी करने वाली 25 हजार के इनामी ठग सऊदी अरब से लौटते ही दबोच लिया. बताया जा रहा है कि इस शातिर ठग ने फर्जी कंपनियां बनाकर सैकड़ो लोगों के करोड़ों रुपए ठगे हैं. आरोपी ने हर महीने 10 प्रतिशत का लालच देकर लोगों से अपनी कंपनी में इन्वेस्ट कराया था, जिसके बाद ये सारा पैसा इक्कठा कर विदेश भाग गया था. सहारनपुर निवासी हाजी इकराम ने 'स्टेप फार्मिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' नाम से एक फर्जी कंपनी बनाई थी. इकराम ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा और उत्तराखंड के सैकड़ों लोगों को हर महीने 10 प्रतिशत का लालच देकर अपनी कंपनी में करोड़ों रुपए इन्वेस्ट कराए थे. जिसके बाद ये शातिर ठग सारा पैसा बटोर कर अपनी पत्नी के साथ 2025 में सऊदी अरब भाग गया था. मुजफ्फरनगर के 42 व्यापारियों से भी इस ठग ने 3 करोड़ रुपए की ठगी की है, जिन्होंने पुलिस को शिकायत देकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की थी।



### 25 हजार का इनाम था घोषित

पुलिस ने तुरंत हाजी इकराम के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था. ठगी करके भागा आरोपी ईद मनाने के लिए भारत पहुंचा था. इस बात की जानकारी होते ही पुलिस तुरंत एक्टिव हो गई. गुरुवार को सिविल लाइन थाने की पुलिस ने मॉल रोड से ठग को गिरफ्तार कर लिया. इसके पास से एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन, 5 सिम और एक पासपोर्ट भी बरामद किया गया है।

### करोड़ों की ट्रांजैक्शन के मिले सबूत

इस पासपोर्ट से ये शातिर ठग सऊदी अरब, नेपाल और दुबई की यात्रा कर चुका है, जिसकी भी जांच पुलिस कर रही है. पुलिस के आला अधिकारियों के अनुसार, इस शातिर अभियुक्त ने सैकड़ो लोगों से करोड़ों रुपए ठगी की है. इसके खाते से 80 करोड रुपए की ट्रांजैक्शन के सबूत मिले हैं. पुलिस आरोपी की संपत्ति को जब्त कर पीड़ितों को उनका पैसा दिलाने की प्रयास करेगी. एएसपी सिद्धार्थ के मिश्रा ने बताया कि एक व्यक्ति जिसका नाम हाजी इकराम है. वर्मी कंपोस्ट के नाम पर लोगों से अपनी कंपनी में इनवेस्ट कराया था. हर महीने 10 प्रतिशत प्रॉफिट देने का वादा किया था, लेकिन एक भी रुपए वापस नहीं दिए।

### 25 हजार का इनामी ठग अरेस्ट

इस संबंध में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी. 2025 में आरोपी की गैरहाजरी में कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई थी. उस पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था. वह देश छोड़कर भाग गया था. पुलिस लगातार उस पर नजर बनाए हुए थे. मुजफ्फरनगर आते ही सिविल लाइन थाने की पुलिस ने उसे गिरफ्तार जेल भेज दिया है. आरोपी के खिलाफ यह कोई पहला मामला नहीं, इससे पहले भी उसके खिलाफ 6 से 7 मुकदमे दर्ज हैं।


## कानपुर फर्जी मार्कशीट रैकेट: जामिया उर्दू कर्मी शोएब की तलाश में एसआईटी टीमें अलीगढ़ रवाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** नौ राज्यों के 14 विश्वविद्यालय की फर्जी मार्कशीट और डिग्री बनाने वाले गिरोह से जुड़े बिचौलिए एक-एक करके सामने आ रहे हैं। एसआइटी अब तक सरगना समेत छह आरोपितों को जेल भेज चुकी है। शुक्रवार को पुलिस ने चमनगंज के शेखू उर्फ मो.अजहरूद्दीन खान को जेल भेजा था, जो अलीगढ़ के जामिया उर्दू कालेज से 10वीं और 12वीं की मार्कशीट बनवाता था।

पूछताछ में उसने कालेज के संविदाकर्मी अलीगढ़ निवासी शोएब के नाम का राजफाश किया था। बताया था कि वह रुपये लेकर उसे मार्कशीट उपलब्ध कराता था। इसके बाद एसआइटी उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है। शनिवार को उसकी तलाश में दो टीमें रवाना की गई है। एसआइटी प्रभारी का कहना है कि शोएब की गिरफ्तारी के बाद गिरोह से जुड़े कालेज स्टाफ के चेहरे बेनकाब हो सकेंगे।

किदवई नगर पुलिस ने 18 फरवरी को जूही गौशाला स्थित शैल ग्रुप आफ




एजुकेशन के कार्यालय में छापेमारी कर नौ राज्यों के 14 विश्वविद्यालयों, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज और अलीगढ़ के जामिया उर्दू कालेज की एक हजार से ज्यादा मार्कशीट व डिग्रियां बरामद की थीं। इनमें बीटेक, एमटेक, बीफार्मा, डीफार्मा, एलएलबी आदि की डिग्री के साथ ही हाईस्कूल व इंटर की मार्कशीट भी शामिल थीं।

इनमें सरगना शैलेंद्र कुमार ओझा, नागेश मणि त्रिपाठी, जोगेंद्र, अश्वनी कुमार सिंह, नोएडा के विनीत और चमनगंज निवासी शेखू उर्फ मो.अजहरूद्दीन खान को जेल भेजा जा चुका है। इनमें से विनीत और शेखू उर्फ मो.अजहरूद्दीन खान गिरोह के लिए बिचौलिए का काम करते थे। वहीं, शेखू उर्फ मो.अजहरूद्दीन खान ने जेल जाने से पूर्व पूछताछ में जामिया उर्दू कालेज के संविदा कर्मी शोएब का नाम बताया था।

बताया कि शोएब ही 10 हजार रुपये लेकर उसे मार्कशीट उपलब्ध कराता था। उसके जरिए वह अब तक गिरोह के लिए पांच से छह 10वीं और 12वीं की मार्कशीट मुहैया करा चुका है। एसआइटी प्रभारी और एडीसीपी दक्षिण योगेश कुमार ने बताया कि शोएब की गिरफ्तारी के बाद गिरोह से जुड़े कई और राजफाश हो सकेंगे। इसमें खासकर ऐसे कालेज कर्मचारी के नाम सामने आ सकते हैं, जोकि पर्दे के पीछे रहकर गिरोह के लिए काम कर रहे थे। फिलहाल शोएब की गिरफ्तारी के लिए दो टीमों को रवाना किया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास, विश्वास की नई पहचान बनकर उभरा : पंकज चौधरी

**लखनऊ-** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शनिवार को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज विकास, विश्वास और वैश्विक संभावनाओं की नई पहचान बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग 11,200 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन किया। भाजपा मुख्यालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, चौधरी ने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन केवल एक आधारभूत परियोजना का लोकार्पण नहीं बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भविष्य, प्रदेश की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत के संकल्प को नई ऊंचाई देने वाला ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा, 'यह हवाई अड्डा प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी सोच, मजबूत नेतृत्व और उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित राज्यों में स्थापित करने की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है।'

भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ने कहा कि नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पूरे प्रदेश के लिए उद्योग, व्यापार, पर्यटन, निर्यात, लॉजिस्टिक्स, निवेश और रोजगार के नए द्वार खोलेगा। उन्होंने कहा कि इससे गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना प्राधिकरण क्षेत्र सहित आसपास के अनेक जिलों में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। चौधरी ने कहा कि यह परियोजना लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगी, किसानों को बाजार से जोड़ेगी, व्यापारियों को नई सुविधा देगी और निवेशकों के लिए उत्तर प्रदेश को अधिक आकर्षक बनाएगी। उन्होंने कहा कि आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रैपिड रेल, मेट्रो परियोजनाएं, एक्सप्रेसवे नेटवर्क और लगभग पूर्णता की ओर बढ़ रहा गंगा एक्सप्रेसवे, ये सभी मिलकर विकास की एक नई संरचना तैयार कर रहे हैं। चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि उत्तर प्रदेश को विकास, आधुनिकता, आत्मनिर्भरता व सुशासन का राष्ट्रीय मॉडल बनाया जाए और नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा उसी परिवर्तनकारी यात्रा का एक ऐतिहासिक अध्याय है।

## स्कूटर को लेकर विवाद में दुकानदार से मारपीट, तोड़फ़ोड़

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में स्कूटर को लेकर हुए विवाद ने मारपीट और तोडफ़ोड़ का रूप ले लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, व्ही. बाजार के सामने दुकान चलाने वाले अवनीश कुमार पुत्र कपूर चंद्र ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 मार्च 2026 को दोपहर करीब 2 बजे वह अपनी दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान आरोपी श्रेय जैन पुत्र संजीव कुमार जैन उनका स्कूटर लेकर चला गया। काफी देर बाद स्कूटर वापस आने पर जब उन्होंने आपत्ति जताई तो आरोपी अपने साथियों के साथ दुकान में घुस आया। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए दुकान में तोडफ़ोड़ की और पीड़ित के साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गए। इतना ही नहीं, आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए दुकान खाली कराने की भी बात कही। घटना को आसपास के दुकानदारों ने भी देखा।

## श्यामसुंदर हत्याकांड में छह दोषियों को 10-10 वर्ष की कैद, जमीन विवाद में पिटाई के बाद हुई थी मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र।** साढ़े 10 वर्ष पूर्व हुए श्यामसुंदर हत्याकांड के मामले में सत्र न्यायाधीश राम सुलीन सिंह की अदालत ने सुनवाई करते हुए शनिवार को दोषसिद्ध पाकर छह दोषियों घोरावल के बेलखुरी गांव निवासी गरीब, रामअवतार, मोहनलाल, रामलाल, मन्नीलाल शर्मा व नंदलाल को 10-10 वर्ष की कैद की सजा सुनाई। इनके ऊपर 11-11 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर प्रत्येक को तीन-तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक गोविंद कुमार निवासी बेलखुरी थाना घोरावल ने छह जून 2015 को तहरीर दिया कि सुबह करीब आठ बजे जमीन कब्जा करने के विवाद को लेकर उसके पड़ोसी गरीब, रामअवतार, मोहनलाल, रामलाल, मन्नीलाल शर्मा व नंदलाल उसे लाठी-डंडे से मारने पीटने लगे।

शोरगुल सुनकर उसे बचाने आए पिता लालमनी व भाई श्यामसुंदर को भी बेरहमी से मारा पीटा। इलाज के दौरान श्यामसुंदर की मौत हो गई। पुलिस ने इस



तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने के पश्चात छहों दोषियों को उपरोक्त सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से बहस जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेंद्र शरण रॉय ने की।

### क्रॉस केस करने वाले तीन दोषियों को 5-5 वर्ष की कैद

साढ़े 10 वर्ष पूर्व हुए मारपीट के क्रास केस मामले में सत्र न्यायाधीश राम सुलीन सिंह की अदालत ने सुनवाई करते हुए शनिवार को दोषसिद्ध पाकर तीन दोषियों लालमनी, राजेश व गोविंद को पांच-पांच वर्ष की कैद व तीन-तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न देने पर तीन-तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रामअवतार निवासी बेलखुरी, थाना घोरावल ने छह जून 2015 को तहरीर दिया कि सुबह आठ बजे उसका पड़ोसी लालमनी उसके घर दरवाजे पर चढ़कर गाली देने लगा। जब मना किया तो लालमनी, राजेश व गोविंद उसे लाठी-डंडे से मारने लगे। जब शोरगुल सुनकर उसका भाई बचाने आया तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोषी पाकर सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से बहस जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेंद्र शरण रॉय ने की।

# संक्षिप्त खबरें

## गुरबक्श गंज विद्युत उपकेंद्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे अधीक्षण अभियंता प्रवीण कुमार



**रायबरेली** गुरबक्श गंज के 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेंद्र का अधीक्षण अभियंता प्रवीण कुमार ने औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई अधीक्षण अभियंता ने विद्युत उपकेंद्र का आर्डर, ट्रांसफार्मर, एमसी बॉक्स, तेल, और कर्मचारियों की सुरक्षा किट की जांच की, जो संतोषजनक पाए गए उन्होंने कहा कि जिले के सभी विद्युत उपकेंद्रो का निरीक्षण मार्च चलता रहेगा गैर जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और उपभोक्ताओं के बकाया विद्युत बिल की वसूली पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा जिससे कि अधिकतम राजस्व की वसूली करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिया कि गांव-गांव जाकर जिन लोगों का विद्युत शुल्क बकाया है, उन्हें जल्द जमा करने की अपील करें समय पर विद्युत बिल जमा ना करने वाले उपभोक्ताओं के निर्देश दिए इस दौरान अवर अभियंता सुनील कुमार पटेल, उमेश कुमार, विनोद कुमार, संजय, राम प्रकाश, लव कुश, बृजमोहन, रामेंद्र सिंह, आशकुमार अवस्थी, विनय पटेल, राजकुमार और धीरेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

### लखनऊ में बेकाबू बुलेरो ने मजदूर को कुचला, मौत; कार में सवार थे CMO

**लखनऊ।** टेढ़ी पुलिया फ्लाइओवर पर बुधवार रात तेज रफ्तार बुलेरो डिवाइडर पर चढ़ दी और मजदूर को कुचल दिया। हादसे में मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त गाड़ी में बलरामपुर अस्पताल के एसीएमओ अजय शुक्ला सवार थे, जो सुरक्षित बच गए। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर वाहन जब्त कर लिया है। स्वास्थ्य विभाग में अनुबंध पर चल रही बुलेरो खुर्रमनगर की ओर से इंजीनियरिंग कालेज की तरफ जा रही थी। देर रात करीब 11 बजे चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी डिवाइडर पर चढ़ गई। डिवाइडर पर सो रहा मजदूर वाहन के नीचे फंस गया और कुछ दूरी तक घिसटता चला गया। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज रफ्तार के कारण बुलेरो सड़क पर लहराने लगी थी, हालांकि कुछ दूर जाकर चालक ने वाहन संभाल लिया, जिससे वह पलटने से बच गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत 112 नंबर पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

## बेदखली सूचना

मैं रामकुमार पुत्र स्व : रंगीलाल, निवासी, प्राइमरी पाठशाला वार्ड, पचपेड़वा, थाना पचपेड़वा, जिला बलरामपुर का हूं, अपने पुत्र रिंकू के खराब चाल चलन के कारण उसे अपने समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व रिंकू द्वारा किसी से वाद विवाद या आपराधिक मामला कारित होता है तो उसमें हमारी या परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी,रिंकू स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना कर्ता- रामकुमार पुत्र स्व: रंगीलाल, निवासी प्राइमरी पाठशाला वार्ड, पचपेड़वा, थाना पचपेड़वा, जिला बलरामपुर

# नवरात्रि में मिलावटखोरों पर खाद्य सुरक्षा विभाग का शिकंजा

● **नवाबगंज गल्ला मंडी में छापेमारी**

**स्वतंत्र प्रभात**



**बाराबंकी,** उत्तर प्रदेश के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने नवरात्रि पर्व को देखते हुए मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में विभाग की टीम ने नवाबगंज तहसील की गल्ला मंडी और आसपास के क्षेत्रों में छापेमारी की। टीम ने व्रत में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थों जैसे साबूदाना, कुट्टू आटा समेत अन्य नमूनों को जांच के लिए भेजा है।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में 12 से 15 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। गल्ला मंडी में अमित इंटरप्राइजेज, हर्ष किराना स्टोर, ओम इंटरप्राइजेज, गोपाल ट्रेडर्स और जय ट्रेडर्स जैसी दुकानों पर विशेष फोकस रहा।

विभाग ने कुल 4 से 5 संदिग्ध नमूने एकत्र किए, जिनमें शामिल हैं:

- साबूदाना (अमित इंटरप्राइजेज और गोपाल ट्रेडर्स से)
- कुट्टू आटा (हर्ष किराना स्टोर से)
- छुआरा, किशमिश आदि अन्य व्रत सामग्री

ये सभी नमूने प्रयोगशाला में गुणवत्ता और मिलावट की जांच के लिए भेज दिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद यदि मिलावट पाई जाती है तो संबंधित व्यापारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

छापेमारी के दौरान कई दुकानदारों को सुधार नोटिस जारी किए गए। टीम ने पैकेट बंद फलाहारी उत्पादों की एक्सपायरी डेट, लेबलिंग और निर्माता विवरण की भी जांच की। आम जनता को जागरूक करते हुए अधिकारियों ने सलाह दी कि व्रत के सामान खरीदते समय एक्सपायरी डेट और पैकिंग की अच्छी तरह जांच करें। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पाण्डेय और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम (अरुण कुमार, भगौती प्रसाद, पल्लवी तिवारी आदि) इस अभियान में शामिल रही।

**विभाग का संदेश:** नवरात्रि के दौरान व्रत वाले उत्पादों (कुट्टू आटा, सिंघाड़ा आटा, साबूदाना, मखाना आदि) की मांग बढ़ जाती है, जिसका फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व मिलावट कर सकते हैं। विभाग पूरे जिले में ऐसे अभियान जारी रखेगा ताकि उपभोक्ताओं को शुद्ध और सुरक्षित भोजन उपलब्ध हो सके।

व्यापारियों में इस छापेमारी से हड़कंप मचा हुआ है। कई दुकानदारों ने सतर्कता बरतते हुए शटर भी गिरा दिए। विभाग ने चेतावनी दी है कि मिलावट पाए जाने पर न केवल सामान जब्त और नष्ट किया जाएगा बल्कि कानूनी कार्रवाई भी होगी। उपभोक्ता किसी भी संदिग्ध उत्पाद की शिकायत खाद्य सुरक्षा विभाग के हेल्पलाइन नंबर या स्थानीय कार्यालय में कर सकते हैं।

## जवाहरपुर चीनी मिल का पेराई सत्र आज होगा समाप्त

● **किसानों से शाम 5 बजे तक गन्ना आपूर्ति करने की अपील, मिल प्रबंधन ने जताया आभार**

**स्वतंत्र प्रभात**




**सीतापुर** जनपद स्थित डालमिया भारत शुगर एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड की यूनिट जवाहरपुर का पेराई सत्र 2025-26 शुक्रवार को समाप्त हो जाएगा। सत्र समापन को लेकर मिल प्रशासन द्वारा पिछले एक सप्ताह से गांव-गांव जाकर गाड़ियों के माध्यम से एनाउंसमेंट कर किसानों को समय से गन्ना आपूर्ति करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। चीनी मिल प्रबंधन ने सभी किसानों से अपील की है कि वे अपने सप्लाई योग्य गन्ने की आपूर्ति 27 मार्च 2026 को सायं 5 बजे तक हर हाल में कर दें। निर्धारित समय के बाद गन्ने के अभाव में मिल का संचालन बंद कर दिया जाएगा। चीनी मिल के अधिशासी निदेशक कुलदीप कुमार ने पेराई सत्र के दौरान किसानों द्वारा गुणवत्तापूर्ण गन्ने की निर्बाध आपूर्ति के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी किसान इसी तरह सहयोग करते रहेंगे।

साथ ही उन्होंने किसानों से गन्ने की फसल की बेहतर देखभाल करने, विशेष रूप से पेड़ी गन्ने में निराई-गुड़ाई व संतुलित उर्वरकों के प्रयोग पर जोर देने की अपील की। इस अवसर पर महाप्रबंधक (गन्ना) आजाद सिंह ने किसानों को अधिक से अधिक गन्ना बुवाई के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिन किसानों को गन्ना बीज की आवश्यकता हो, वे तत्काल चीनी मिल या गन्ना कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। उक्त जानकारी जवाहरपुर चीनी मिल के मीडिया प्रभारी सुधीर सिंह ने जानकारी साझा की है।

### IPL 2026 का पूरा शेड्यूल जारी, लखनऊ में फिर होंगे 7 मुकाबले; क्रिकेट के रोमांच के लिए इकाना स्टेडियम तैयार

**लखनऊ।** टी-20 विश्व कप लुत्फ उठाने के बाद प्रशंसकों को दुनिया की सबसे बड़ी लीग आईपीएल का बेसब्री से इंतजार है। लीग की शुरुआत शनिवार को होगी। गुरुवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से आईपीएल का पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया गया। इसके पहले 11 अप्रैल तक के शुरुआती दौर के लिए 20 मैचों का कार्यक्रम तय था। अब जारी हुए नए शेड्यूल के मुताबिक, 13 अप्रैल से 24 मई के बीच देश के 12 स्टेडियम में कुल 50 मैच खेले जाएंगे। एलएसजी का घरेलू मैदान होने के चलते लखनऊ को एक बार फिर सात मैचों की मेजबानी मिली है। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम लीग के एक और रोमांचक सत्र के लिए तैयार है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के सीईओ अंकित चटर्जी के अनुसार, इकाना स्टेडियम में तीसरा मुकाबला 22 अप्रैल एलएसजी और राजस्थान रायल्स के बीच खेला जाएगा, जबकि सीजन के आखिरी मैच में 23 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। हम इस बार भी टूर्नामेंट को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## 'शहीद अष्टक के रूप में जनपद को मिली ऐतिहासिक काव्यकृति

**स्वतंत्र प्रभात**



**बिसवां (सीतापुर)।** जनपद की साहित्यिक धरती बिसवां से जुड़े वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार रामकृष्ण पाण्डेय 'संजय' ने 'शहीद अष्टक' नामक ऐतिहासिक काव्यकृति का सृजन कर सीतापुर के गौरवशाली इतिहास को नई पहचान दी है। यह कृति वर्ष 1942 के 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौरान लालबाग में हुए गोलीकांड में शहीद हुए वीरों को समर्पित है, जिसे 'मिनी जलियांवाला बाग' के रूप में भी देखा जाता है। नैमिषारण्य स्थित कालीपीठ द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक का विमोचन शीघ्र प्रस्तावित है। इस कृति की विशेषता यह है कि आजादी के बाद पहली बार इस ऐतिहासिक घटना पर स्वतंत्र काव्य संकलन तैयार किया गया है। घनाक्षरी छंदों में रचित इस पुस्तक में छह शहीदों के शौर्य का सजीव वर्णन किया गया है। साथ ही उत्तरार्द्ध में परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पाण्डेय की वीरता को भी श्रद्धापूर्वक स्थान दिया गया है। काव्य मंचों, आकाशवाणी व दूरदर्शन से जुड़े रामकृष्ण पाण्डेय 'संजय' की यह कृति शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि के साथ-साथ जनपद के इतिहास का महत्वपूर्ण दस्तावेज मानी जा रही है। पुस्तक की सराहना उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने की। इस अवसर पर पांडे को सम्मानित भी किया गया। इस उपलब्धि पर नगरवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

## बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर किया गया सम्मानित



**बिसवां (सीतापुर)** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय राजाकरनाई में आयोजित वार्षिकोत्सव के अंतिम चरण में कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी शिव मंगल वर्मा ने कहा कि पुरस्कार प्राप्त करने से बच्चों का आत्मबल बढ़ता है। साथ ही वे शिक्षा और शिक्षणेत्तर गतिविधियों में और अधिक उत्साह से भाग लेते हैं, जो उनके आगामी जीवन के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होता है। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रवींद्र दीक्षित सहित अनवर हुसैन, शैवी अवस्थी, सुनील बाजपेई, अनूप भारती, सर्वेश वर्मा, मनीष शर्मा, वंदना वर्मा, स्नेहा गौतम, मीनू रावत, जिया अंसारी, नीलम कुमारी तथा बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा, जय श्रीराम के नारों से गूंजा कस्बा



**स्वतंत्र प्रभात**

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे में रामनवमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रभु श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिससे पूरे नगर का माहौल भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर मेन रोड होते हुए बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। झांकियों को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

यात्रा मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। हाथों में भगवा झंडे लिए युवा जोश से भरे नजर आए। 'जय श्रीराम' के गगनभेदी नारों से पूरा कस्बा गूंज उठा। हनुमान मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजन और आरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। शोभायात्रा का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के पार्टी उपाध्यक्ष रामगोपाल त्रिपाठी ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं और आपसी एकता को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में स्वामी दिव्यानंद, आरएसएस के जिला प्रचारक अजीत, सचिन रस्तोगी, उधम जायसवाल, इंद्रेश सिंह, अनिल शर्मा, पंकज पांडे, अजय बाबू पांडे, राहुल भदोरिया, सहित कई लोग मौजूद रहे। इसके अलावा भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, चंद्र प्रकाश पांडेय,राजेश निर्मल, मृत्युंजय बाजपेई समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और श्रद्धालु शामिल हुए।

# नवनिर्माण के 09 दिवसीय मेले/प्रदर्शनी समापन के अवसर पर जनपद स्तरीय जायद उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात**

**रायबरेली:-** उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आर0डी0ए0 के सामुदायिक केंद्र, रतापुर में 09 दिवसीय आयोजित मेले/प्रदर्शनी कार्यक्रम समापन के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा जनपद स्तरीय जायद उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आज जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धि लाल पासी द्वारा कृषि विभाग की संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों/कृषकों को पॉवर स्प्रेयर, बीज कीट एवं सोलर पम्प के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सूचना एवं सांस्कृतिक विभाग के पंजीकृत दलों द्वारा कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि उ0प्र0 सरकार के कार्यकाल के 09 वर्ष पूर्ण होने पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुचाना व समाज के अन्तिम व्यक्ति तक उन योजनाओं का लाभ पहुचाना, जिससे कि कोई भी पात्र लाभ से वंचित न रहें।

उन्होंने कहा कि आज अंतिम दिवस पर कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कृषकों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से कृषको को लाभ दिया जा रहा है। किसानों की आय में बढ़ाने के लिए सरकार निरन्तर प्रयासरत है, किसानों को समृद्ध बनाने के लिए सरकार की बहुत सी योजनाएं संचालित की गई है। जनसामान्य उन योजनाओं की जानकारी ले व उसका लाभ उठायें। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार ने उपस्थित कृषिकों व लाभार्थियों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई।




मंच का संचालन एस0एस0 पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य इरफानुल्लाह खान, भूमि संरक्षण अधिकारी जगदीश यादव, क्षेत्रीय प्रबंधक इफको विनोद कुमार सिंह, कौशल विकास मिशन प्रबंधक वंदना सिंह, कृषि वैज्ञानिक के0के0 सिंह, शिवेंद्र सिंह, संतोष सिंह चौहान, अनुज मौर्य सहित अन्य अधिकारी/लाभार्थी एवं कृषिकगण उपस्थित रहे।

# रामकथा के सप्तम दिवस पर राम विवाह व सीता स्वयंवर का भावपूर्ण वर्णन

**स्वतंत्र प्रभात**

**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** विकास खंड पचपड़वा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुरचावा स्थित समय माता मंदिर के प्रांगण में चल रही भव्य श्रीराम कथा के सप्तम दिवस पर पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक अयोध्या से पधारे आचार्य श्री रविकांत शास्त्री जी महाराज द्वारा भगवान श्रीराम विवाह एवं माता सीता स्वयंवर का अत्यंत मनोहारी और भावपूर्ण वर्णन किया गया। महाराज जी ने बताया कि जनकपुरी में आयोजित स्वयंवर में अनेक राजा-महाराजा उपस्थित हुए, लेकिन कोई भी भगवान शिव के दिव्य धनुष को उठाने में सफल नहीं हो सका। गुरु की आज्ञा से भगवान श्रीराम ने सहज भाव से धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाई और धनुष भंग हो गया। इस अद्भुत लीला को देखकर पूरा पंडाल 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा।

इसके पश्चात माता सीता ने भगवान श्रीराम के गले में वरमाला डालकर उन्हें अपने पति के रूप में स्वीकार किया। जनकपुर में चारों ओर उत्सव का माहौल छा गया। कथा वाचक ने बताया कि राम-सीता विवाह केवल एक वैवाहिक प्रसंग नहीं, बल्कि धर्म, मर्यादा और आदर्श का दिव्य प्रतीक है। कथा के दौरान मंगल गीत, भजन और आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। विशेष रूप से अर्गन वादक मनीष मिश्रा की अहम भूमिका रही, जो अपने मधुर भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर देते हैं। उनके भजन प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह व उमेश कुमार पाण्डेय जी के साथ रावेलाश विश्वकर्मा, जिला पंचायत सदस्य, नवीन सिंह, सुनील कुमार यादव कि गरिमामय उपस्थित रही

इस आयोजन में श्री आदिशक्ति समय माता मंदिर समिति के प्रबंधक सतीश चंद्र मिश्र की भूमिका सराहनीय रही, जिनके कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। इस अवसर पर व्यवस्थापक विनय पाठक, अजय शुक्ला, उपाध्यक्ष हरिराम प्रजापति, रामपाल यादव, सचिव गिरिजेश कुमार पांडे, संरक्षक अरुणदेव पाठक व अरुण कुमार चतुर्वेदी सहित विवेक कुमार, नीलम, संयोजक रवि गुप्ता, हरीराम प्रजापति, कल्लू नेता, विनय गुप्ता, बुद्धमान पेंटर, रामलौटन मौर्य समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी रमेश कुमार यादव ने बताया कि यह आठ दिवसीय श्रीराम कथा न केवल आध्यात्मिक चेतना को जागृत कर रही है, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता को भी सुदृढ़ बना रही है।

## लखनऊ में शुक्रवार को निकलेगी रामनवमी की धार्मिक भगवा यात्रा, शहर के इन रास्तों पर रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

**लखनऊ।** कपूरथला चौराहे से रामनवमी के अवसर पर 'रामनवमी की धार्मिक भगवा यात्रा' शुक्रवार शाम चार बजे से निकाली जाएगी जो देर शाम सात बजे खाटू श्याम मंदिर पर समाप्त होगी। धार्मिक यात्रा कई चौराहों व तिराहों से होकर गुजरेगी। इसे देखते हुए राजधानी के प्रमुख इलाकों में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यह जानकारी डीसीपी यातायात रवीना त्यागी ने दी। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी की स्थिति में ट्रैफिक कंट्रोल रूम नंबर-9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है।

**यहां रहेगी रोक**

छन्नी लाल चौराहा से कपूरथला चौराहा की ओर।, नीरा नर्सिंग होम से कपूरथला चौराहा की तरफ।, निरालानगर मोड़ से कपूरथला चौराहा की ओर।, निरालानगर चौराहा नं-8 से निरालानगर ओवरब्रिज होते हुए अल्कापुरी तिराहा।, अल्कापुरी तिराहा से कपूरथला चौराहा की ओर।

बर्मा बिस्कुट तिराहा से कपूरथला चौराहा।

डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग से पहले तिराहा से हसनगंज थाना होते हुए डालीगंज इक्का टांगा तिराहा।

डालीगंज इक्का टांगा तिराहा से डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग तिराहा।

सीडीआरआई तिराहा से शाहमीना रोड।

रूमी गेट से इमामबाडा की ओर।

कोनेश्वर चौराहे से चरक चौराहे की ओर।, फूलमंडी से चौक चौराहा।

हैदरगंज से नक्कास तिराहा।, केजीएमयू चौराहा से रकाबगंज।

चरक चौराहा से हैदरगंज तिराहा।, हनुमान सेतु तिराहा से सुशीला स्मृतिका चौराहा।, मिडलैंड हास्पिटल तिराहा से नीरा नर्सिंग होम होते हुए।

वायरलेस चौराहा होते हुए।, आईटी चौराहा होते हुए जा सकेंगे।, कपूरथला चौराहा होकर, पुरनिया चौराहा होते हुए।

बर्मा बिस्कुट तिराहा से दाहिने मुड़कर गीता वस्त्रालय तिराहा से पुनः दाहिने मुड़कर आईटी चौराहा होकर।, डालीगंज ओवरब्रिज होते हुए मदेयगंज होते हुए जा सकेंगे।

आईटी चौराहा होते हुए जा सकेंगे।

डालीगंज पुल चौराहा पिंक बूथ के सामने से मूंगफली मंडी होते हुए केजीएमयू चौराहा होते होकर।, नया पक्का पुल, टीले वाली मस्जिद होते हुए।,

नीबू पार्क होते हुए।

रूमी गेट कोनेश्वर होते हुए जा सकेंगे।

पुल के ऊपर से होते हुए नीबू पार्क तिराहा होते हुए जा सकेंगे।, चरक चौराहा होकर जा सकेंगे।, नक्खास ओवरब्रिज होकर।

सुभाष चौराहा होते हुए।

# मिशन शक्ति फेज 5 द्वितीय चरण के तहत जिले में अभियान



● **मिशन शक्ति टीम द्वारा बरगदवा थाना के पडियाताल का दिख असर**

**स्वतंत्र प्रभात**

**महराजगंज ब्यूरो।** नवरात्रि में पुलिस महकमा मिशन शक्ति फेज 5 के द्वितीय चरण में जागरूकता अभियान तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना बरगदवा क्षेत्र में जिले के पुलिस कप्तान सोमेंद्र मीणा के निर्देश पर 26.03.2026 को मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा पडियाताल मंदिर पर महिलाओं एवं बच्चियों को सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया गया।

**कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य**

महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाना था। बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नं0 181 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' सखी-वन स्टॉप सेंटर' 'पॉस्को एक्ट' एवं 'मिशन शक्ति' से जुड़ी अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, कार्यक्रम में बाल विवाह, दहेज प्रथा एवं घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाई गई व पंपलेट वितरित किया गया। तथा अन्य हेल्पलाइन नंबर 1090 1076 181 112 1930 आदि हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी जागरूक किया गया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत रतनपुर विकासखंड गैसडी जनपद बलरामपुर

पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0 जीरामजी/राज्यवित्त आयोग-/2026-27 दिनांक: 27/03/2026

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत रतनपुर विकासखंड गैसडी जनपद बलरामपुर में जी राम जी चतुर्थ राज्यवित्त/सोलहवां केन्द्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन पेज-2 अभियान के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र अत्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल, आपूर्ति फागिंग कार्य, साफ-सफाई, किट, सोलर लाइट, गौवंश पशु आश्रय स्थल भूसा चूनी चौकर इत्यादि R.R.C रोड निर्माण व सोखता गड्ढा एवं खाद गड्ढा कार्यो हेतु ईट प्रथम श्रेणी द्वितीय श्रेणी इंटरलॉकिंग में बालू सीमेन्ट मौरंग सरिया सूत/2 सूत पेन्ट वायरिंग ईट गिट्टी पत्थर ह्यूम पाइप हैंड पम्प मरम्मत / रिबोर सामग्री पाइप पेयजल योजना सामग्री इत्यादि के आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण की जानी है आपूर्ति हेतु निविदा दिनांक 27.03.2026 से 02.04.2026 तक सत्र 2026- 27 हेतु आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन कब 15 दिनों के अंदर सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी धरोहर धनराशि पांच हजार होगी। माडल शाप-ग्राम लाइब्रेरी-कम्पोजिट विद्यालय प्राइमरी स्कूल मरम्मत।

**नियम/शर्ते-** 1. जिस आपूर्ति का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्ति द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में ग्राम पंचायत आपको आदेश निरस्त करते हुए वारियता क्रम में अन्य फर्मो को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 2. फर्म का जीएसटी पंजीकृत हो आयकर देता हो की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है विगत तीन वर्ष का आयकर क्लियरेंस संलग्न करना अनिवार्य है। 7 माडल 3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजदूगी में निविदा खोला जायेगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5. जो दरे प्रस्तुत की जाये वह दरे जीएसटी तथा ढुलाई चढाई उतराई तथा अन्य करे जोड़कर प्रस्तुत की जाये। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जायेगी। 7. प्रस्तुत दरे पीडब्ल्यू द्वारा स्वीकृत दरो से अधिक नहीं होनी चाहिए। 8. स्वीकृत आपूर्ति को भुगतान तकनीकी/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**कपिल देव**
**अध्यक्ष**
**ग्राम पंचायत रतनपुर विकासखंड**
**गैसडी जनपद बलरामपुर**

**सुशील कुमार पटेल**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत रतनपुर विकासखंड**
**गैसडी जनपद बलरामपुर**

